दिन–सोमवार दिनांक– 20 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश के पांच लोकसभा क्षेत्रों–सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे तक चौंतीस दशमलव छह दो प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सबसे अधिक मुजफ्फरपुर में लगभग अड़तीस प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, सीतामढ़ी में पैंतीस, मधुबनी में तैंतीस दशमलव पांच सात, सारण में तैंतीस दशमलव छह सात, और हाजीपुर में तैंतीस दशमल एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा।

———————————————————————————

हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लम्बी–लम्बी कतारें लगी हुई है। मौसम सुहाना होने के कारण मतदाताओं का उत्साह ओर अधिक बढ़ गया है। महिला, बुजुर्ग, युवा समेत विभिन्न वर्ग के मतदाता बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी हिस्सेदारी निभा रहे है। केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने हाजीपुर में मतदान किया। इधर, लोक गायिका और राज्य स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर ने मधुबनी संसदीय क्षेत्र के बेनीपट्टी के उड़ैन में मतदान किया।

———————————————————————————

पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के तहत पांच संसदीय क्षेत्रों में छह महिला उम्मीदवारों समेत कुल अस्सी प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी, लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और लालू यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य की प्रतिष्ठा दांव पर है। राजद के अली अशरफ फातमी, शिव चन्द्र राम और अर्जुन राय तथा कांग्रेस के अजय निषाद की चुनावी किस्मत का भी फैसला होना है। निवर्तमान सांसद अशोक यादव मधुबनी से चुनाव मैदान में है।

———————————————————————————

प्रदेश में छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वाल्मिकीनगर संसदीय क्षेत्र के मैंनाटांड में एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित

किया। श्री कुमार ने कहा कि केन्द्र और राज्य की एनडीए सरकार ने बिना भेदभाव के विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। श्री कुमार के सीवान में भी चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैशाली और आरा लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाएं की। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी का पूर्वी चंपारण, शिवहर, वाल्मिकीनगर, गोपालगंज और वैशाली लोकसभा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। श्री मोदी आज शाम भाजपा के दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदी के राजेन्द्र नगर स्थित आवास जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद श्री मोदी भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। कल प्रधानमंत्री महाराजगंज और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों से एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पटना के बेली रोड, डाकबंगला, कदमकुआं से राजेन्द्र नगर तक जाने वाले मार्ग पर शाम साढ़े पांच बजे से आम वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। वहीं, पटना जंक्शन जाने वाले रेल यात्रियों को करबिगहिया की ओर से स्टेशन में प्रवेश करने की सलाह दी गयी है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम में अचानक आये बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय सिस्टम के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में नमी युक्त हवा का प्रवाह हो रहा है। जिसके कारण प्रदेश के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर अगले दो दिनों तक वर्षा की सम्भावना है। विभाग ने कटिहार, बांका, भागलपुर, मुंगेर, किशनगंज, अररिया समेत राज्य के पूर्वी भागों में कई स्थानों पर मेजगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के एफसीआई चौक के एक चार पहिया वाहन से पुलिस ने बाईस सौ बोतल प्रतिबंधित कोडिनयुक्त सिरप और दो कार्टन नशीली टेबलेट बरामद किया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।